प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 7 मई को शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज कश्मीर की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान श्रीनगर में बदामी बाग कैंट में सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में सेना द्वारा निभाई गई भूमिका को सराहा। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की सीमाओं पर मातृभूमि की रक्षा के लिए जिस तरह से सेना के जवान बिना रूके बिना थके और दिन–रात लगे रहते हैं वो अपने आप में अदभूत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यही बात भारतीयों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

---

मुख्यमंत्री

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर स्थित डॉ. राधा कृष्णन चिकित्सा महाविद्यालय में नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की है। इन विभागों के सुचारू संचालन के लिए कुल 118 पदों को सृजित कर भरने का भी निर्णय लिया गया है। इससे जिला हमीरपुर के अलावा मंडी, ऊना, बिलासपुर और कांगड़ा जिला के मरीजों को भी उत्कृ ष्ट चिकित्सा उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में नए विभागों की स्थापना और आवश्यक चिकित्सकों व स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

---

केवल सिंह पठानिया

उप मुख्य सचेतक व शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने पहाड़ी राज्यों के लिए हिमालयन रेजिमेंट बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल वीरभूमि है और यहां से बड़ी संख्या में सैनिक सेना में रहे हैं, जिन्होंने अपने शौर्य का परिचय दिया है। मेजर सोमनाथ शर्मा को पहला परमवीर चक्र यहीं से मिला था। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पहाड़ी राज्यों के लिए अलग रेजिमेंट बनाने से इन राज्यों के युवाओं को सेना में शामिल होने का अवसर मिलेगा और उनकी प्रतिभा का उपयोग देश की सुरक्षा के लिए किया जा सकेगा। पठानिया ने कहा कि सीज फ़ायर के उल्लंघन पर भारत सरकार को कड़ा रूख

अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि हिमाचल सरकार भी अपने सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा पर ध्यान दे रही है।

---

माई भारत अभियान

युवा मामले व खेल मंत्रालय की प्रमुख पहल माई भारत के तहत देश भर के युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। शिमला जिला युवा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि ये अभियान युवाओं को राष्ट्रहित में सशक्त भूमिका निभाने और आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रिय रहने व सहयोग देने के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि माई भारत अभियान में जुडने के लिए इच्छुक युवा ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं।

---

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रा शुरू की है जिसे लेकर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि आज तिरंगा यात्रा धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। इस बीच प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोबिंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर निर्णायक प्रहार किए। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के सम्मान में 21 मई को मनाली में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

*देश की जनता ये चाहती है कि हम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भारतीय सेना का अभिनंदन करें, उनका स्वागत करें और उनका आभार व्यक्त करें और उनको ये विश्वास दिलाए कि देश के 40 करोड़ लोग भारत के प्रधानमंत्री जी और भारत की सेनाओं के साथ खड़े हैं और उसके लिए तिरंगा यात्राएं की जाएंगी और मनाली में भी 21 मई को यह तिरंगा यात्रा होगी।*

---

स्वच्छता पुरस्कार

राज्य सरकार ने महर्षि वाल्मीकि सम्पूर्ण स्वच्छता पुरस्कार के लिए संशोधित दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों में व्यापक

स्वच्छता और सफाई हासिल करने के लिए ग्राम पंचायतों को मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। इसमें प्रभावी ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन और समग्र स्वच्छता बनाए रखना शामिल है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि खण्ड स्तर पर प्रत्येक खण्ड में एक पंचायत के लिए एक लाख रुपये, जिला स्तर पर यदि किसी जिला में 300 से अधिक ग्राम पंचायतें हैं तो दो ग्राम पंचायतें तीन–तीन लाख रुपये का पुरस्कार प्राप्त कर सकती हैं।

..............................................................................